बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छत्तीसगढ़) की विद्या परिषद की बैठक दिनांक 30/05/2013 की कार्यवृत्तः–
(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 26)
विद्यापरिषद की बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित थेः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रो. एन.डी.आर. चन्द्रा कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 02 | फादर टी.जे. पॉल | – | सदस्य |
| 03 | श्रीमती एस. गौराहा | – | सदस्य |
| 04 | श्री पी. के. गौराहा | – | सदस्य |
| 05 | डॉ. एम.एल. लखनपाल | – | सदस्य |
| 06 | प्रो. बी. एन. सिन्हा | – | सदस्य |
| 07 | प्रो. आर.सी. जोशी | | सदस्य |
| 08 | डॉ. एस.के. दत्ता | – | सदस्य |
| 09 | डॉ. शरद नेमा | – | सदस्य |
| 10 | डॉ. एस. के. कोले | – | सदस्य |
| 11 | डॉ. सरला आतराम | – | सदस्य |
| 12 | डॉ. टी.आर. रात्रे | – | सदस्य |
| 13 | डॉ. रश्मि सिंह | – | सदस्य (प्रतिनिधि) |

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर (छ.ग.) के विद्या परिषद की बैठक दिनांक 30/05/2013 को 2.30 बजे आरंभ हुआ एवं 4.30 बजे समाप्त हुई बैठक के शुरूआत में मान. कुलपति द्वारा विद्या परिषद के सभी सदस्यों के स्वागत से हुआ। बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई एवं निर्णय लिया गया।

<u>विषय कमांक 01</u>:– लाला जगदलपुरी को डी.लिट. की उपाधि प्रदान किये जाने विषयक्।

<u>विभागीय टीपः–</u>मान. राज्यपाल के अपर सचिव राजभवन, रायपुर को पत्र द्वारा परिनियम 14 के तहत् मान. महोदय से एक व्यक्ति का नाम समिति के सदस्य हेतु नामित करने बाबत् अनुरोध किया गया है

<u>निर्णयः–</u> लाला जगदलपुरी को डी.लिट की मानद् उपाधि प्रदान किये जाने हेतु परिनियम 14 के तहत मान. राज्यपाल महोदय से एक व्यक्ति का नाम समिति के सदस्य हेतु नामित करने बाबत् पत्र प्रेषित किया गया है, उक्त संबंध में मान. विद्या परिषद ने सूचना ग्रहण किया।

निर्णय :– उपरोक्तानुसार सूचना मान. सदस्यों द्वारा ग्रहण किया गया तथा श्री रमेश जोशी, सहा. प्राध्यापक, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर द्वारा एम. कॉम इन बैंकिंग तथा एम.कॉम मैनेजमेंट विषयों को प्रस्तावित करने का सुझाव दिया गया।

विषय कमांक 08:– ग्रामीण प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला में गैर सरकारी संगठन प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र (Diploma and Certificate Programme in Non Govermental Organizations Management ) पाठ्यकम एवं प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव।

निर्णय :– उपरोक्तानुसार ग्रामीण प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला में गैर सरकारी संगठन प्रबंधन में डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया।

## माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय

विषय कमांक 09:– लोक स्वास्थ्य, अस्पताल प्रशासन, सूक्ष्म विज्ञान व जीवसांख्यिकी, में स्नाकोत्तर पाठ्यकम उपलब्ध कराने बाबत् प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय, रायपुर की अपेक्षा बाबत्।

निर्णयः– श्री एम.के. राउत, आई.ए.एस. छ.ग. से प्राप्त पत्रानुसार पब्लिक हेल्थ एण्ड रिलेसन्स विषय प्रारंभ करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, मान. सदस्यों द्वारा सूचना ग्रहण किया गया।

विषय कमांक 10:– बस्तर विश्वविद्यालय में नवीन अनुसंधान केन्द्र Chhattisgarh Centre for Policy Research स्थापित करने का प्रस्ताव (संलग्न)

निर्णयः– छत्तीसगढ़ सेन्टर फॉर पॉलिसी के प्रस्ताव की विद्या परिषद ने भी मान. सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

विषय कमांक 11:– शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक पदो के भर्ती के संबंध में।

निर्णयः– शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए नियुक्ति संबंधी कार्यवाही के लिए विश्वविद्यालय को अधिकृत किया जाता है। सर्वसम्मति से अनुमोदित।

विषय कमांक 12:– पी.एच.डी. प्रोग्राम के तहत निम्न बिन्दुओं पर चर्चा

1- **Ph.D. Course** का निर्धारण :'– निम्नलिखित कोर्स पर विश्वविद्यालय में पी.एच. डी. पाठ्यकम प्रारंभ करने हेतु निर्णय लिया गया ।

1. Anthropology & Tribal Studies
2. Economics
3. English & Cultural Studies
4. Forestry & Wild Life
5. History & Archeology
6. Hindi & Translation Studies
7. Political Science & International Studies
8. Sociology

विषय क्रमांक 02:— शहीद वीर गेंदसिंह महाविद्यालय पंखाजूर के स्व—वित्तीय योजना के अर्न्तगत एम.ए. राजनीति विज्ञान, हिन्दी साहित्य एवं डी.सी.ए. पाठ्यक्रम प्रांरभ करने की अनुमति बाबत्।

निर्णय :— उक्त संबंध में निर्णय लिया गया कि जो भी नियमानुसार कार्यवाही आयुक्त कार्यालय द्वारा होगा, उसके आधार पर ही विश्वविद्यालय द्वारा आगे की कार्यवाही की जावेगी।

विषय क्रमांक 03:— जैव प्रौद्यौगिकी अध्ययनशाला के प्रयोगशाला उपकरण एंव रसायन (केमिकल) की खरीदी की अनुमति के संबध में।

निर्णय :— परिषद ने इस बात पर सहमति व्यक्त की साथ ही साथ इस बात पर जोर दिया कि प्रयोगशाला उपकरणों एवं रसायनों के समुचित रख—रखाव के लिए सुविधायुक्त प्रयोगशाला की व्यवस्था की जाए।

विषय क्रमांक 04:— विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश सीट की संख्या बढ़ाने के संबंध में।

विभागीय टीपः— वर्तमान में मात्र 25 सीट प्रवेश हेतु उपलब्ध है अतः ज्यादा अवसर स्नातकोत्तर उपाधि हेतु प्रदान कराने बाबत् सीट की संख्या 30 बढ़ाई जाये।

निर्णयः— उक्त संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सीट संख्या 30 बढ़ाई जा सकती है।

विषय क्रमांक 05:— कैरियर गाईडेंस सेल प्लेसमेंट सेल, महिला उत्पीड़न सेल की स्थापना बावत्।

विभागीय टीपः— कैरियर गाईडेंस सेल प्लेसमेंट सेल एवं महिला उत्पीड़न से की स्थापना की सर्वसम्मिति से अनुमोदित।

निर्णय :— उक्त संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया।

विषय क्रमांक 06:— समाज कार्य अध्ययनशाला द्वारा अकादमिक एवं अधोसंरचना संबंधी प्रस्ताव।

निर्णय :— अकादमिक संबंधी प्रस्तावों पर विभाग को विस्तार पूर्वक कार्यक्रम बनाने का निर्देश दिया गया। अधोसंरचना संबंधी प्रस्ताव कार्यपरिषद में रखा जायेगा।

विषय क्रमांक 07:— बस्तर विश्वविद्यालय में दो नवीन पाठ्यक्रम एम.एस.सी (सूक्ष्मजीव विज्ञान), एम.सी.ए. एवं एम.बी.ए. प्रारंभ करने हेतु 18वीं समन्वय समिति की बैठक में प्रस्ताव मान्य किया। पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की स्वीकृत हेतु आयुक्त, उच्च शिक्षा संचानालय पत्र 22/05/13 को भेजा गया। सूचना माननीय सदस्यों को दी जा रही है साथ ही रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में संचालित एम.एस.सी. (सूक्ष्मजीव) के पाठ्यक्रम स्वीकार कराने हेतु प्रस्ताव (संलग्न सिलेबस) आवश्यकनुसार संशोधन किया जावेगा।

निर्णय :— पी.एच.डी. कोर्स के लिए सभी 08 विषयों का अनुमोदन किया गया। पी.एच.डी. पाठ्यक्रमों की जिसमें 1. Research Methodology 2. Contemporary Issues Advanced Studies 3. Review of Literature, Project & presentation पाठ्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया।

2- Qualification and Eligibility for Research Supervisor/ Guide

निर्णय:—उक्त विषय पर मान. सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में विषय विशेषज्ञों की सहायता से शोध कार्य से सम्बन्धी कार्यो को बढ़ावा देने एवं शोधार्थी के हित में बस्तर जैसे पिछड़े क्षेत्र में रह रहे लोगों के उत्थान एवं विकास को ध्यान में रखते हुये पी.एच.डी. निर्देशन बनने हेतु महाविद्यालय एंव विश्वविद्यालय स्तर पर 3 वर्ष की शैक्षणिक अनुभव तथा 5 शोध पत्र **(ISSN No)** **(Research Jounal)** तीन वर्षो के अवधि में प्रकाशित करा लिया जाये। अन्यथा उनकी **Guideship** स्वमेय समाप्त होगी।

**3. Fee Structure for Ph.D Programme.**

| **Semester** | **Labrary Consultancy fee (Rs)** | **Total Fee (Rs.)** |
|---|---|---|
| First | 500/- | 5000/- |
| Second | 500/- | 5000/- |
| Third | 500/- | 5000/- |
| Fourth | 500/- | 5000/- |
| Fifth | 500/- | 5000/- |
| Six | 500/- | 5000/- |
| **Total** | **3,000/-** | **30,000/-** |
| Total fee for Ph.D degree is 33,000/- (Thrity three thousand only) | | |

4. नये स्नातकोत्तर एवं डिप्लामा कार्यक्रमों के पाठ्यक्रमों को अंतिम रूप देने हेतु शिक्षकों एवं विषय विशेषज्ञों की सहायता लेकर पाठ्यक्रमों को लागू करेगी।

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

पृ. क्रमांक 5505 /ब.वि.वि./2013 जगदलपुर दिनांक 11/06/2013

1. सचिव, कुलाधिपति कार्यालय, राजभवन रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. मान. कुलपतिजी/कुलसचिव के निज सहायक, बस्तर विश्वविद्यालय को सादर सूचनार्थ।
3. विद्या परिषद के समस्त सदस्यों को सादर सूचनार्थ।
4. बस्तर विश्वविद्यालय के समस्त शाखाओं को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ।

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर